एक संघ के **सदस्य बनें**!

स्वीडन में संगठन का जीवन बड़ा विशाल, विविध और सक्रिय है
यह क्यों ऐसा है? क्या कारण है कि लोग इसमे दिलचस्पी लेते हैं और संघों के सदस्य बनते हैं? एक संघ कैसे काम करता है? हम इन प्रश्नों के कुछ उत्तर, इस सूचना पुस्तिका में प्रदान करेंगे।

संगठन या एसोसिएशन का जीवन - एक शानदार मिलने का स्थान!
संगठन का जीवन सभी के लिए खुला है। इसका मतलब है कि सभी लोगों को एक संघ का हिस्सा बनने का अधिकार है। वहां आप किसी ऐसी गतिविधि में शामिल हो जाते हैं जो आपको लगता है कि महत्वपूर्ण, दिलचस्प और मजेदार है। साथ ही साथ, आप समान रुचियों वाले बहुत से अन्य लोगों को भी मिल सकते हैं।

एसोसिएशन जीवन गैर-लाभकारी है
इसका मतलब यह है कि सक्रिय सदस्य - बच्चे और वयस्क दोनों - बिना वेतन के अपने खाली समय में एसोसिएशन में काम करते हैं, यानी गैर-लाभकारी।

संघ में माता-पिता महत्वपूर्ण हैं
बच्चों और युवाओं की उन्नति के लिए एक गतिविधि करने के लिए, यह आवश्यक है कि माता-पिता और अन्य वयस्क भी अपना योगदान दें और संघ की मदद करें। इसका मतलब है हॉकी मैच के लिए बच्चों को गाड़ी से ले जाना या तैराकी प्रतियोगिता, या बच्चों के वन भ्रमण में भाग लेना हो सकता है। ये प्रयास एक संघ के लिए महत्वपूर्ण योगदान हैं जहाँ सदस्य अपने खाली समय में स्वेच्छा से काम करते हैं।

प्रेरक नेता और कोच
यह घुड़सवारी, शतरंज या शिविर गतिविधियों के बारे में हो सकता है - पृष्ठभूमि में हमेशा ऐसे नेता या कोच होते हैं जो सक्रिय युवाओं को सहयोग और उन्हें प्रेरणा देते हैं। वे अपना समय नियमित रखते हैं और एक जिम्मेदार नेतृत्व की भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण रोल मॉडल भी हैं। निस्सन्देह, कोच और नेता हमारे संघों में एक केंद्रीय भूमिका निभाते हैं!

एक संगठन अपने सदस्यों की प्रतिबद्धता और गतिविधियों के रहते जीवित रहता है

सदस्यों की प्रतिबद्धता और गतिविधियां ही एक संगठन का केंद्र बिन्दु है। संगठन की अर्थव्यवस्था के लिए, भागीदारी शुल्क और वार्षिक सदस्यता शुल्क महत्वपूर्ण हैं। ये संघ के वित्त की रीढ़ हैं। कभी-कभी संघों को नगरपालिका और अन्य संस्थानों से भी आर्थिक योगदान मिल सकता है। परिसर और उपकरण किराए पर लेने के लिए भी धन की आवश्यकता रहती है।

संगठन के सदस्य गतिविधियों में शामिल होते हैं और निर्णय लेते हैं।

गैर-लाभकारी संघ लोकतांत्रिक रूप से संरचित हैं। इसका मतलब है कि आप एक सदस्य के रूप में गतिविधियों में भाग या चर्चा कर सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं। साल में एक बार, संघ की वार्षिक बैठक होती है जहां सभी सदस्य गतिविधियों और वित्त पर निर्णय लेते हैं। इसके अलावा, संघ की कार्यकारणी बोर्ड के सदस्य चुने जाते हैं। बोर्ड के सदस्य अगली वार्षिक बैठक तक संघ की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होते हैं। बोर्ड यह भी सुनिश्चित करता है कि संघ, वैधानिक विधियों का पालन करे। संघ के संविधान की गतिविधियों के बारे में लिखित नियम हैं और उन्हें संघ का संविधान कहा जा सकता है।

स्वीडन में, गैर-लाभकारी संघों का एक समृद्ध चयन है

स्वीडन में कुछ संघ सौ साल पहले बने थे, अन्य बहुत बाद में। अधिकांश संघों की खेलकूद में गतिविधियों की सबसे बड़ी श्रृंखला है। कई सांस्कृतिक संघ भी हैं उनमे रंगमंच, संगीत और नृत्य शामिल हैं। इसके अलावा, उदाहरण के लिए, बाहरी और धार्मिक संघों के साथ-साथ ऐसे संगठन भी हैं जो मानवाधिकारों, बच्चों के अधिकारों और पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करते हैं।